दिन– रविवार दिनांक– 08 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर भारत के कड़े रुख को दोहराते हुए कहा–इस मुददे पर कोई समझौता नहीं होगा।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कच्ची दरगाह–बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा– युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में अपनी बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

04. और, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन कल पटना पहुंचेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने तथा आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा, रक्षा और आतंकवाद से मुकाबले संबंधी सहयोग में विस्तार होगा।

–––बाइट–––

सिक्योरिटी के क्षेत्र में हम काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम सिक्योरिटी में सहयोग मजबूत करेंगे। हम रक्षा सहयोग को भी और व्यापक बनाएंगे। एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ–साथ हम सेमीकंडक्टर हेल्थ और फूड सिक्योरिटी में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है। आतंकवाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

–––बाइट–––

भारत और मलेशिया की बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा साझा मत है कि आज का चौलेंजिग का समाधान करने के लिए ग्लोबल इंस्टीट्यूशंस का रिफॉर्म बहुत जरूरी है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है नो डबल स्टैंडर्ड, नो कॉम्प्रोमाइज।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आम लोगों का विश्वास बढ़ा है और विकास की गति तेज हुई है। मलेशिया दौर पर हुए समझौतों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने वाला है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के कच्ची दरगाह–बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि परियोजना का कार्य अप्रैल महीने तक पूरा कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से पटना और उत्तर बिहार के बीच सड़क संपर्क मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आमस–दरभंगा एक्सप्रेस–वे को कच्ची दरगाह–बिदुपुर पुल परियोजना से जोड़ा जायेगा। इससे समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी की ओर जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी और यात्रा के समय में भी कमी आयेगी। इस पुल के बन जाने से महात्मा गांधी सेतु पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और कृषि, उद्योग के साथ अन्य व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही यह परियोजना राज्य की महत्त्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं में से एक है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है और युवा वर्ग को राष्ट्र निर्माण में अपनी बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। राज्यपाल किशनगंज में तौहीद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित इमाम बुखारी यूनिवर्सिटी के इकतीसवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस इवसर पर उन्होंने छात्र–छात्राओं को सफलता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निमार्ण में युवा वर्ग का सबसे ज्यादा योगदान होगा।

———बाईट———

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन की तैयारी पूरी कर ली है। नितिन नबीन पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दस हजार से अधिक बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। नितिन नबीन अपने विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मुलाकात भी करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि नितिन नबीन के बिहार आगमन से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है।

———बाईट———

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने का संदेश देंगे।

---

राज्य सरकार ने सात निश्चय–तीन के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया है। अभी राज्य के पच्चीस हजार पांच सौ तिरानवे गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जा चुका है। सरकार ने अगले दो वर्षों के अंदर शेष गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों के गठन का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया है। इससे पशुपालकों की आमदनी बढ़ेगी और राज्य में दूध की उपलब्धता में वृद्धि होगी। सात निश्चय–तीन के तहत राज्य की सभी पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है। वर्तमान में राज्य की कुल आठ हजार तिरेपन पंचायतों में से सौ पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं। शेष सभी सात हजार नौ सौ तिरेपन पंचायतों में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के अंत तक सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है।

---

कृषि विभाग ने प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की तिथि ग्यारह फरवरी तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि छह फरवरी निर्धारित थी। विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए है।

---

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत–अमरीका व्यापार समझौते पर कांग्रेस की आलोचना के जवाब में कहा कि यह समझौता कृषि और किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा करता है और प्रमुख कृषि उत्पादों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

———बाइट———

भारत–अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पत्रकारों से बात की। श्री चौहान ने कहा कि इस डील में भारतीय कृषि की शुद्धता बरकरार रखी गई है। सभी ऐसी वस्तुओं को समझौते के बाहर रखा गया है। आप देखेंगे सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे, अनाज, पोल्ट्री डेरी केले स्ट्रॉबेरी चेयली खट्टे फल हरी मटर काबुली चना मूंग तिलहन, तम्बाकू जैसे उत्पादों पर कोई टेरिफ में छूट नहीं दी गई। श्री चौहान ने कहा हकीकत ये है कि जो भी चीजें हमारे किसानों की ताकत हैं, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। अभिनव गोयल, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————

नीतीश सरकार ने जमीन, मकान और फ्लैट की खरीद–बिक्री को लेकर एक अहम फैसला लिया है। राज्य में एक अप्रैल से जमीन रजिस्ट्री की नई व्यवस्था लागू होने जा रही है, जिसके तहत निबंधन विभाग के पोर्टल पर जमीन की सेटेलाइट तस्वीर अपलोड करना अनिवार्य होगा। तस्वीर अपलोड होने के बाद ही रजिस्ट्री के लिए समय मिलेगा। इस नई व्यवस्था का सफल ट्रायल दरभंगा में किया जा चुका है और अब इसे पूरे राज्य में लागू करने की तैयारी है।नई व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जमीन, मकान या फ्लैट की खरीद में होने वाले फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी। कई मामलों में एक ही जमीन को दो–दो बार बेचने या गलत लोकेशन दिखाकर रजिस्ट्री कराने की शिकायतें सामने आती रही हैं। सेटेलाइट तस्वीर के जरिए ऐसी गड़बड़ियों को शुरुआती स्तर पर ही पकड़ा जा सकेगा।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज लखीसराय में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सूना और त्वरित निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य की एनडीए सरकार समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————

राज्य में दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से लगभग चौरानवें करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि इससे राज्य में दलहन की खेती को प्रात्साहन मिलेगा और किसानों की आय बढ़ेगी।

---

राज्य में इस साल के अंत तक खसरा–रूबैला रोग के उन्मूलन के लिए प्रदेश के एक सौ दस प्रखंडों में कल से तीन चरणों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रथम चरण का अभियान नौ फरवरी से चौदह फरवरी तक, दूसरा चरण नौ मार्च से चौदह मार्च और तीसरे चरण का अभियान सात अप्रैल से तरह अप्रैल तक चलाया जायेगा। श्री पांडेय ने बताया कि अभियान के दौरान विशेष रूप से ऐसे गांव और टोलों को चिन्हित किया जायेगा जहां नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित नही किया जाता है। उन्होंने कहा कि काली खांसी, गलघोटू और खसरे के अधिक प्रकोप वाले गांव मे अनिवार्य रूप से टीकारण सत्र आयोजित किया जायेगा।

---

राज्य के एक सौ एक पशु अस्पतालों में एक्स–रे मशीन लगाई जायेगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से आठ करोड़ नब्बे लाख अट्ठाइस हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे पशुओं के इलाज में आसानी होगी।

---

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। दिन में धूप खिलने से मौसम सामान्य हो रहा है जबकि सुबह और शाम में ठंड का प्रभाव बना हुआ है। आज किशनगंज में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता एक सौ पचास मीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार राज्य में पछुआ हवा के प्रभाव से अगले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है।

———बाइट———

---

मधुबनी के फुलपरास पूरवारी टोला के पास एक सवारी बस के दूसरे वाहन से टक्कर में बस पर सवार दर्जनों यात्री घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के महमदपुर बाजार स्थित एक आभूषण दुकान से हथियारबंद अपराधियों ने पन्द्रह लाख रूपये से अधिक के आभूषण लूट लिए।

---

उत्पाद विभाग ने मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में वाहन जांच के दौरान चार हजार आठ सौ इकहत्तर लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर, पश्चिम चंपारण के बगहा में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान आठ किलोग्राम से अधिक गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सारण जिले के दिघवारा में स्वर्गीय राम जंगल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सीवान ने नेपाल को हराकर पदक अपने नाम किया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर भारत के कड़े रुख को दोहराते हुए कहा–इस मुददे पर कोई समझौता नहीं होगा।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कच्ची दरगाह–बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा– युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में अपनी बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

04. और, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन कल पटना पहुंचेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह।

---

समाप्त